भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1223

उत्तर देने की तारीख 13.02.2023

इनक्यूबेशन सेंटर्स की बढ़ती संख्या

1223. श्री कार्तिकेय शर्माः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत में इनक्यूबेशन सेंटर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए इनक्यूबेशन सेंटर्स का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; इन इनक्यूबेशन सेंटर्स में तीन वर्षों में कितने युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है;

(ग) तत्संबंधी आंकड़ों का राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार द्वारा इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के लिए सरकारी सहायता प्रदान करने के लिए कोई योजना संचालित की जा रही हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इन योजनाओं से पिछले तीन वर्षों के दौरान अब तक कितने लोगों ने लाभ प्राप्त किया है, तत्संबंधी आंकड़ों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) एवं (ख): जी हां। देश में इन्क्यूबेशन केंद्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है। नीति आयोग, अटल इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, एआईसी की संख्या वर्ष 2017 में 13 से बढ़कर 2022 में 69 हो गई है। इसके अलावा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय नवीन विचारों को मूर्त रूप देने के लिए मार्च 2022 में शुरू की गई एमएसएमई चैंपियंस योजना के अंतर्गत एमएसएमई नवपरिवर्तन स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है। स्कीम की शुरुआत से ही इनक्यूबेशन घटक के अंतर्गत व्यवसाय इन्क्यूबेटरों के रूप में कार्य करने के लिए 632 मेजबान संस्थानों (एचआई) को मान्यता दी गई है।

विगत पांच वर्षों के दौरान, अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) ने देश भर में 56 अटल इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) और 14 अटल कम्युनिटी समुदाय नवपरिवर्तन केंद्र स्थापित किए हैं। विगत पांच वर्षों के दौरान स्थापित अटल इन्क्यूबेशन केंद्रों की सूची **अनुबंध-1** में संलग्न है।

(ग) से (ङ): एआईएम के दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्येक इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) को 5-6 टीम सदस्यों के साथ संचालन करना अनिवार्य है ताकि स्टार्ट-अप को मार्गदर्शन देने के लिए क्षेत्रीय विशेषज्ञों की उपलब्धता के साथ-साथ उचित वास्तविक अवसंरचना के साथ स्टार्टअप की सहायता की जा सके। वर्ष 2016 में स्थापित अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम) पहल देश में नवपरिवर्तन और उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देता है। मिशन के भाग के रूप में, एआईएम विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों, कॉरपोरेट्स इत्यादि में अटल इन्क्यूबेशन केंद्र (एआईसी) नामक विश्व स्तरीय इन्क्यूबेटरों की स्थापना करता रहा है। नीति आयोग द्वारा प्रदान की गई सूचना के अनुसार, शुरुआत के बाद से ही 69 एआईसी द्वारा 3052 स्टार्टअप्स को इनक्यूबेट किया गया है, जिनमें से 954 महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप हैं। इन स्टार्टअप्स ने देश भर में संचयी रूप से 15,506 नौकरियां सृजित की हैं।

***

अनुबंध- I

दिनांक 13.02.2023 को उत्तर के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1223 के भाग (क) और (ख) के उत्तर से उल्लिखित अनुबंध

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	वर्ष 2017	वर्ष 2018	वर्ष 2019	वर्ष 2020	वर्ष 2021	वर्ष 2022	कुल एआईसी
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	0	0	0	0	0	0	0
आंध्र प्रदेश	0	1	1	0	0	0	2
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0
असम	0	0	1	1	0	0	2
बिहार	0	0	0	1	0	0	1
चंडीगढ़	0	0	0	0	0	0	0
छत्तीसगढ	1	0	0	0	0	0	1
दादरा और नगर हवेली	0	0	0	0	0	0	0
दिल्ली	1	1	1	3	0	0	6
गोवा	0	1	0	0	0	0	1
गुजरात	0	2	2	2	0	0	6
हरियाणा	0	0	0	1	0	0	1
हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0
जम्मू और कश्मीर	0	0	0	1	0	0	1
झारखंड	0	0	0	0	0	0	0
कर्नाटक	2	1	3	5	0	0	11
केरल	1	0	1	0	0	0	2
मध्य प्रदेश	1	2	0	0	0	0	3
महाराष्ट्र	0	3	2	2	0	1	8
मणिपुर	0	0	0	0	0	0	0
मेघालय	0	0	0	0	0	0	0
मिजोरम	0	0	0	0	0	0	0
नागालैंड	0	0	0	0	0	0	0
ओडिशा	0	0	0	2	0	0	2
पुडुचेरी	0	0	1	0	0	0	1
पंजाब	0	1	0	0	0	0	1
राजस्थान	1	1	1	1	0	0	4
सिक्किम	0	1	0	0	0	0	1
तमिलनाडु	2	0	2	2	0	0	6
तेलंगाना	2	1	1	1	0	0	5
त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0	0
उत्तर प्रदेश	2	2	0	0	0	0	4
उत्तराखंड	0	0	0	0	0	0	0
पश्चिम बंगाल	0	0	0	0	0	0	0
लद्दाख	0	0	0	0	0	0	0
कुल	**13**	**18**	**16**	**22**	**0**	**0**	**69**

स्रोत: एआईएम, नीति आयोग